RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 17 अगस्त 2023 | वर्ष 05 | अंक 113 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

# दैनिक रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## बांद्रा टर्मिनस पर हिंदू लड़की के साथ घूमने पर भीड़ ने मुस्लिम युवक को बेरहमी से पीटा



**मुंबई :** भारत के स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मंगलवार को मुंबई में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई जब एक मुस्लिम युवक को कथित तौर पर एक हिंदू लड़की के साथ घूमने पर भीड़ ने बेरहमी से पीटा। घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जहां लाल शर्ट पहने व्यक्ति को भीड़ द्वारा बार-बार थप्पड़ मारते और पीटते देखा जा सकता है, जबकि लड़की हिंसा का विरोध कर रही है।

भीड़ में मौजूद अन्य लोगों ने घटना का वीडियो भी बनाया। ट्विटर पर एक उपयोगकर्ता ने इस घटना को उनके ध्यान में लाने के लिए पोस्ट में मुंबई पुलिस और रेलवे पुलिस बल मुंबई सेंट्रल डिवीजन को टैग किया। मुंबई पुलिस के ट्विटर हैंडल ने अभी तक इस पर प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन आरपीएफ ने कहा, ''मामले को सूचित कर दिया गया है और सम्बंदित अधिकारियों को सुजित किया है।''

# मैं खुलेआम मिला था अजित से: राकांपा अध्यक्ष शरद पवार

**मुंबई :** राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने बुधवार को अजित पवार के साथ हुई सीक्रेट बैठक को लेकर टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि अजित पवार के साथ उनकी मुलाकात गुप्त नहीं थी, बल्कि मैं उनसे खुलेआम मिला था। अजित पवार पर ताना मारते हुए सीनियर पवार ने कहा कि वे मुझे क्या ऑफर देंगे? मैं उनकी पार्टी का संस्थापक हूं। बता दें कि पुणे के कोरेगांव पार्क क्षेत्र में 12 अगस्त को उद्योगपति अतुल चोरडिया के आवास पर शरद पवार और उनके भतीजे एवं उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बीच एक बैठक हुई थी।

पवार ने बुधवार को छत्रपति संभाजी नगर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मेरी और अजित पवार की मुलाकात गुप्त नहीं थी। मैं खुलेआम वहां गया था। इस बैठक में कोई भी राजनीतिक चर्चा नहीं हुई। पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण के बयान पर उन्होंने कहा कि इससे मेरा कोई लेना-देना नहीं है।



**होते रहते हैं मतभेदः सुप्रिया**

इधर राकांपा सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि पिछले सप्ताह पुणे के एक उद्योगपति के घर पर शरद पवार और अजित पवार के बीच क्या बातचीत हुई थी। सुले ने कहा कि वे बैठक में मौजूद नहीं थीं और उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि वहां क्या हुआ था। अजित पवार के रुख के बारे में सुले ने कहा कि मतभेद होते रहते हैं और इसे स्वस्थ लोकतंत्र के

### मुलाकात के दौरान नहीं हुई राजनीतिक चर्चा

संकेत के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शरद पवार की बहन सरोज पाटिल दिवंगत कॉमरेड डॉ. एनडी पाटिल की पत्नी हैं, लेकिन (शरद) पवार और पाटिल कई मौकों पर एक-दूसरे के खिलाफ खड़े हुए।

### पीएम मोदी ने फडणवीस से मार्गदर्शन लिया?

**सीनियर पवार ने कहा कि अजित पवार के घर दो बच्चों की शादी होना बाकी है। परिवार में एक बुजुर्ग व्यक्ति होने के नाते मुझसे इसके बारे में पूछा गया। मैं उस जगह का मार्गदर्शन करूंगा या नहीं। ऐसे में ऐसी चर्चा गलत है और इस पर रोक लगनी चाहिए। पवार ने दोहराया कि जो लोग भाजपा के साथ गए हैं, वे हमारे नहीं हैं। हमारा उनसे कोई संबंध नहीं है। हम भाजपा के विरोध में काम करेंगे। हम महाविकास आघाड़ी के रूप में चुनाव लड़ेंगे।पीएम मोदी के लाल किले के भाषण पर सीनियर पवार ने कहा कि उनका हाल भी फडणवीस जैसा होगा। ऐसा लगता है कि 15 अगस्त के भाषण के लिए पीएम मोदी ने फडणवीस से मार्गदर्शन लिया होगा। उन्होंने फडणवीस की तरह दोबारा आने का वादा किया, फडणवीस आए, लेकिन निचले पद पर, फिर मोदी भी आएंगे, लेकिन किस पद पर?**

## मुंबई के आलीशान रेस्तरां में परोसे गए खाने में मिला मरा हुआ चूहा...

## मैनेजर और शेफ के खिलाफ मामला दर्ज



**मुंबई :** अगर आप भी नॉन-वेज खाने के शौकिन हैं और इसके मजे लेने के लिए रेस्तरां का रुख करते हैं, तो अगली बार जब बाहर खाने जाएं तो सावधान रहें। ऐसा इसलिए कह रहे हैं कि मुंबई के बांद्रा इलाके में एक आलीशान और लोकप्रिय पापा पंचो रेस्टोरेंट में जब एक ग्राहक ने चिकन डिश का आर्डर दिया तो उसे परोसे गए डिश में मरा हुआ चूहा मिला।

पुलिस ने बताया कि इस मामले में मंगलवार को रेस्तरां के मैनेजर और शेफ के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। शिकायतकर्ता अनुराग सिंह ने बताया कि वह अपने दोस्त के साथ बांद्रा वेस्ट के पाली हिल स्थित एक लोकप्रिय पापा पंचो रेस्टोरेंट में खाना खाने गए थे। उन्होंने रोटी के साथ चिकन और मटन की थाली का ऑर्डर दिया। खाते समय उन्हें पता चला कि मांस के एक टुकड़े का स्वाद अलग है। करीब से देखने पर उन्हें एक छोटा सा मरा हुआ चूहा मिला। जब सिंह ने रेस्टोरेंट मैनेजर से इस बारे में पूछा तो उसने गोलमोल जवाब दिया। इसके बाद अनुराग सिंह ने बांद्रा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने रेस्टोरेंट मैनेजर विवियन अल्बर्ट शिकेवर, उस समय होटल के शेफ और चिकन सप्लायर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। आगे की जांच जारी है।

## NCP नेता नवाब मलिक से मिलने उनके घर पहुंचे अजित पवार...

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार राज्य के मंत्री दिलीप वलसे पाटिल और हसन मुश्रीफ के साथ पूर्व मंत्री नवाब मलिक से मिलने पहुंचे। अजित पवार ने उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली. इससे पहले अजित पवार गुट का समर्थन करने वाले नेता प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे ने मंगलवार (15 अगस्त) को नवाब मलिक से मुलाकात की थी. बता दें कि महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता नवाब मलिक को सोमवार (14 अगस्त) को मुंबई के एक प्राइवेट अस्पताल से छुट्टी मिली थी. सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) मामले में दो महीने की अंतरिम जमानत दी थी. इस मामले में उन्हें 2022 की शुरूआत में गिरफ्तार किया गया था. मलिक के वकीलों ने कहा कि गिरफ्तारी के डेढ़ साल बाद मलिक को सोमवार



की रात करीब आठ बजे उपनगरीय कुर्ला के अस्पताल से छुट्टी दी गई, जहां न्यायिक हिरासत में रहते हुए उनका इलाज किया रहा था. एक विशेष अदालत ने उनकी जमानत की शर्तें तय कीं, जिनमें से एक शर्त यह है कि वह मीडिया से बात नहीं करेंगे. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित तौर पर भगोड़े अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों से जुड़े एक मामले में फरवरी 2022 में राज्य के पूर्व मंत्री मलिक को गिरफ्तार किया था. नबाल मलिक का मई 2022 से निजी अस्पताल में गुर्दे से संबंधित बीमारी का इलाज किया जा रहा है. विशेष अदालत ने 50,000 रुपये के नकद मुचलके पर उन्हें रिहा कर दिया. विशेष अदालत द्वारा लगाई गई अन्य शर्तें यह हैं कि वह मामले के तथ्यों से परिचित किसी भी व्यक्ति/गवाहों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई प्रलोभन, धमकी या वादा नहीं करेंगे. अदालत ने आरोपी को अपना मूल पासपोर्ट ईडी को सौंपने का भी निर्देश दिया, जो मामले की जांच कर रही है.




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### सौंदर्य की मरीचिका का मोह

बीते दिनों एक दिलचस्प रिपोर्ट आई। इसे सौंदर्य उद्योग पर नजर रखने वाली एक कंपनी ने तैयार किया था। यह इस तरह का पहला अध्ययन है। इसमें बताया गया कि भारत के दस बड़े शहरों में सौंदर्य प्रसाधनों की खरीदारी पर महिलाओं ने छह महीने में पांच हजार करोड़ रुपये खर्च किए। इनमें से चालीस प्रतिशत सामान आनलाइन मंगाया गया। इस रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि जैसेझ्जैसे कामकाजी महिलाओं की संख्या बढ़ती जा रही है, वैसे–वैसे इन उत्पादों की मांग भी बढ़ रही है। पहले जहां महिलाएं लिपस्टिक और नेलपालिश तक सीमित रहती थीं, अब वे तमाम अन्य सौंदर्य उत्पाद भी खरीद रही हैं। होठों की सुंदरता बढ़ाने वाले उत्पादों को सबसे ज्यादा खरीदा गया। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि एशिया इन दिनों ब्यूटी सेंटर बनता जा रहा है। दक्षिण कोरिया तो सौंदर्य के मानक तय कर रहा है। भारत में भी इसकी बहुत गुंजाइश है। बढ़ते शहरीकरण और आनलाइन खरीदारी ने भी इसे बढ़ाया है। पूरे भारत में सौंदर्य प्रसाधन लोकप्रिय होते जा रहे हैं। सौंदर्य उद्योग के लिए नि:संदेह यह अच्छी खबर है। यह वह वक्त है जब एक ओर महिलाओं के अधिकारों पर जोर है तो दूसरी ओर वे कितनी सुंदर दिखें, इस पर और अधिक जोर है। यानी कि जो स्त्री सुंदर नहीं, वह शायद जीने के काबिल नहीं। और सुंदरता भी कैसी, जिसे सौंदर्य प्रसाधनों से ही बढ़ाया जा सकता है। यानी कि आपके पास पर्याप्त पैसे भी होने चाहिए। जिसके पास पैसे नहीं, जो गरीब, साधनहीन औरतें हैं, उनकी जैसे कोई जगह ही नहीं।

दुनियाभर में होने वाली सौंदर्य प्रतियोगिताओं ने इसे और बढ़ाया है। जिन दिनों सुष्मिता सेन और ऐश्वर्य राय ने वैश्विक सौंदर्य प्रतियोगिताएं जीती थीं, तब मशहूर अंग्रेजी लेखिका शोभा डे ने एक पार्टी का वर्णन किया था, जिसमें छोटी–छोटी बच्चियों के बारे में बताया गया था कि वे बस मिस वर्ल्ड या मिस यूनिवर्स बनना चाहती हैं। इस बारे में इरा त्रिवेदी की पुस्तक ह्यइस ताज के हीरे चुभते हैंह्न पढ़ी जा सकती है। इरा ने खुद सौंदर्य प्रतियोगिता में भाग लिया था। इसी में कहा था कि किस तरह से जो स्त्रियां इसमें पीछे रह जाती हैं, उनका क्या होता है। वैसे भी संसार की हर लड़की तो ब्यूटी क्वीन बन नहीं सकती। एक बनती है तो लाखों पीछे छूट जाती हैं, उनकी निराशा का क्या कहना। वह भी तब जब बचपन से ही उन्हें यह बात घुट्टी में पिलाई गई हो कि उन्हें तो बस किसी तरह यह प्रतियोगिता जीतनी है।

यही नहीं, तमाम सौंदर्य प्रसाधनों ने स्त्रियों के सशक्तीकरण के नारों को भी हड़पकर, उन्हें व्यापार और बाजार के हवाले कर दिया है कि फलां घड़ी पहनो, फलां कपड़े धोने की मशीन का इस्तेमाल करो, यह शैंपू इस्तेमाल करो, वह पाउडर, वह क्रीम, वह लिपस्टिक, वह फेसपैक, फलां जूते, फलां ब्रांड के कपड़े और आप सबको पछाड़कर ताकतवर, शक्तिशाली महिला कहलाओ। कहीं कोई किसी स्त्री की बुद्धिमत्ता की बातें करता नजर नहीं आता। जिस तरह से कहा गया कि महिलाओं ने प्रसाधनों पर पांच हजार करोड़ खर्च किए, उस तरह शायद ही किसी ने इस अध्ययन की जरूरत समझी कि बताएं कि आखिर औरतें छह महीने में कितनी पुस्तकें, किन–किन भाषाओं की खरीदती हैं। आनलाइन पढ़ती हैं या हार्ड कापी मंगवाती हैं। यह भी देखने की बात है कि जिस तरह मीडिया से लेकर दफ्तरों तक इन दिनों सौंदर्य का बोलबाला बढ़ चला है, वहां एक साधारण लड़की का शायद घुसना ही मुश्किल है। आखिर क्यों। शायद सबसे अधिक सशक्तीकरण की जरूरत तो इसी लड़की को है। कोई कह सकता है कि आखिर यह साधारण लड़की भी अगर साधन हों तो सुंदर दिखना चाहेगी। सही बात है। विवाह के बाजार में तो अर्से से सौंदर्य की ही कीमत है। समझा तो यह जाता था कि जैसे–जैसे स्त्री विमर्श बढ़ेगा, स्त्रियां अपनी ताकत को पहचानेंगी, वे दिखावों से अपने आप ही दूर हो जाएंगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं है। आज भी अधिकांश विज्ञापन स्त्रियों को सुंदर दिखाते हैं, जिससे कि वे किसी पुरुष को आकर्षित कर सकें।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# इंस्टाग्राम पर लगाई पाकिस्तान स्वतंत्रता दिवस की स्टोरी
# मुंबई पुलिस ने 2 युवकों को किया गिरफ्तार, पिता बोले- अपने देश पर गर्व है...

**मुंबई :** मुंबई की कुलाबा पुलिस ने दो युवकों को इंस्टाग्राम पर पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस की स्टेटस स्टोरी रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। दोनों की उम्र 19 साल बताई गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उन्हें 14 अगस्त के दिन कुलाबा मार्केट के एक व्यापारी ने जानकारी दी कि यहां कुछ लोगों ने इंस्टाग्राम कर पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस की स्टेटस स्टोरी लगा रखी है। इसके बाद कुलाबा पुलिस स्टेशन के एंटी टेररिस्ट सेल (ATC) की एक टीम कुलाबा मार्केट गई और दोनों को हिरासत में लिया।

**CRPC की धारा 151(3) के तहत करवाई**

एक अधिकारी ने बताया



कि उनके चाल-चलन, बोलने के तरीके और व्यवहार से ऐसा अंदेशा लग रहा है कि वे लोग 15 अगस्त के दिन देश में लॉ एंड ऑर्डर बिगाड़ने के इरादे से यह कर रहे थे। इसके बाद दोनों लड़कों के खिलाफ CRPC की धारा 151(3) के तहत करवाई की गई और उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने इस संदर्भ में जानकारी उनके घरवालों को भी दी और इसके बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। 15 अगस्त के दिन मुंबई पुलिस काफी सतर्क थी। उन्हें कई तरह के अलर्ट मिल रहे थे। वहीं, इस तरह की जानकारी मिलने के बाद पुलिस चौंक गई। इसके बाद पुलिस ने उस स्टेटस का स्क्रीनशॉट निकाला और लिंक सेव कर उस स्टेटस स्टोरी को डिलीट करवा दिया, ताकि इसे और कोई ना देख सके।

### 'मेरा लड़का होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहा'

इस संदर्भ में एक आरोपी लड़के के पिता ने इंडिया टीवी से एक्सक्लूसिव बातचीत में बताया, "मेरे लड़के ने अनजाने में इस तरह की हरकत की। इस बात की जानकारी हमने पुलिस को दी है। मेरा लड़का होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहा है और उसका कोई भी इस तरह का इरादा नहीं था। पुलिस ने उसे समझाया और हमने उनसे माफी भी मांगी।" लड़के के पिता ने ऐसा दोबारा ना होने की बात कही। पिता ने आगे बताया, "बेटे की इस तरह की एक सोशल मीडिया पोस्ट की वजह से हमें रात भर पुलिस स्टेशन और दिन भर कोर्ट के बाहर बिताना पड़ा। पुलिस ने हमारे बच्चे को छोड़ दिया है और उसका पूरा इंस्टाग्राम फॉर्मेट कर दिया है। हम हमारी तरह हर परिवार वालों को यह सलाह देंगे कि इस तरह की पोस्ट कोई ना करे। मुझे मेरे देश पर गर्व है और मैं एक सच्चा देशभक्त हूं।"

# महाराष्ट्र में फिर बारिश की होगी जोरदार वापसी
## मौसम विभाग ने इन इलाकों के लिए दी चेतावनी!



**मुंबईः** महाराष्ट्र में जुलाई के महीने में काफी अच्छी बारिश हुई थी। जिसकी वजह से राज्य के कई इलाकों में बाढ़ के हालत पैदा हो गए थे। हालांकि, अगस्त महीने की शुरूआत में बारिश का जोर काफी कम हो गया है। मौसम विभाग ने भी यही कहा था कि अगस्त के शुरूआत सप्ताह में बारिश का असर कम रहेगा। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक अगस्त के पहले हफ्ते से ही बारिश की तीव्रता में कमी देखी गई। जिसके बाद अब यह चर्चा शुरू है कि बारिश दोबारा कब आएगी। जून के अंत में शुरू हुई बारिश ने पूरी जुलाई लोगों को गर्मी से राहत दी थी। हालांकि, अब एक बार फिर से मौसम विभाग ने 18 अगस्त के बाद महाराष्ट्र में बारिश की भविष्यवाणी की है। मौसम विभाग का अनुमान है कि राज्य में जल्द ही बारिश की वापसी होगी। इस सप्ताह राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की संभावना है।

राज्य में बने कम दबाव के क्षेत्र के कारण कुछ समय के लिए बारिश रुक गई थी। मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की है कि जल्द ही राज्य में बारिश होगी। मौसम विभाग का अनुमान है कि पालघर, रायगढ़, नवी मुंबई में बादल छाए रहेंगे। वहीं विदर्भ और कोंकण के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश की भविष्यवाणी की है।

**बारिश के अनुकूल परिस्थितियां**

मौसम विभाग के मुताबिक 15 अगस्त से प्रदेश में बारिश के अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं और यह माहौल आगे भी जारी रहेगा। मौसम विभाग की जानकारी के मुताबिक 20 अगस्त तक राज्य के ज्यादातर हिस्सों में बारिश फिर से तेज होने की संभावना है।

# पाक की आजादी का जश्न मनाया
## सोशल मीडिया पोस्ट भी किया, कॉलेज के छात्रों पर हुई ये कार्रवाई

**मुंबई:** कॉलेज के दो छात्रों ने पाकिस्तान की आजादी का जश्न मनाया। फोटो क्लिक कर सोशल मीडिया पर पोस्ट भी किया। मामले की जानकारी के बाद मुंबई पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों छात्रों को पकड़ लिया। मामला कोलाबा का बताया जा रहा है। मुंबई पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तारी सीआरपीसी की धारा 151 के तहत की गई। संशोधित धारा 151 की उप-धारा (3) के अनुसार, किसी व्यक्ति को इस आशंका के आधार पर गिरफ्तार किया जाता है, जब वो किसी अपराध को अंजाम देने की योजना बना रहा है या करने की संभावना है। पुलिस ने कहा कि गिरफ्तारियां निषेधात्मक प्रकृति की थीं और दोनों को चेतावनी के बाद रिहा कर दिया गया।

**कारोबारी ने पुलिस से किया थी शिकायत**

पुलिस ने कहा कि कारोबारी प्रथमेश चव्हाण ने सोमवार को कोलाबा पुलिस से संपर्क किया




और शिकायत दर्ज कराई कि कुछ लड़के पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस समारोह को इंस्टाग्राम पर अपने स्टेटस के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं और इससे सांप्रदायिक तनाव हो सकता है। कोलाबा पुलिस की एटीएस ने सोमवार देर रात लड़कों का पता लगाया और उन्हें निषेधाज्ञा के तहत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके मोबाइल चेक किए, स्क्रीन शॉट लिए और मोबाइल जब्त कर लिए। पुलिस ने कहा कि उनके माता-पिता को बुलाया गया और लड़कों को चेतावनी के बाद छोड़ दिया गया। उन्हें फिलहाल आसपास के क्षेत्र में घूमने से रोक दिया गया है।




## अविश्वास प्रस्ताव से हटाए गए सरपंच-उपसरपंच दोबारा लड़ सकते हैं उपचुनाव...

# बॉम्बे हाईकोर्ट का फैसला



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में स्थानीय स्वशासन चुनाव को लेकर एक अहम और बड़ी खबर सामने आई है. बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने एक अहम फैसला दिया है कि अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के कारण सरपंच या उपसरपंच पद से हटाए गए उम्मीदवार उसी पद के लिए उपचुनाव लड़ सकते हैं. जस्टिस अतुल चांदूरकर और जस्टिस वृषाली जोशी ने एक मामले में यह फैसला सुनाया है. अइढ माझा के अनुसार, फैसले में स्पष्ट किया गया कि महाराष्ट्र ग्राम पंचायत अधिनियम संबंधित उम्मीदवारों को उपचुनाव लड़ने से अयोग्य नहीं ठहराता है. चुनाव लड़ना पूर्णतः कानूनी अधिकार है. इसलिए कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि संबंधित कानून किसी उम्मीदवार को चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य नहीं ठहराता.

**हाईकोर्ट का अहम फैसला**

अमरावती में वाथोडा ग्राम पंचायत का सरपंच पद अनुसूचित जनजाति महिला के लिए आरक्षित है. 28 जनवरी 2021 को इस पद के लिए सुजाता गायकी ने चुनाव जीता. इसके बाद, 8 जून 2023 को गायकी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव बहुमत से पारित हो गया. इस कारण गायकी सरपंच पद से हट गये. इसके अलावा, इस पद के लिए उपचुनाव कराने के लिए 30 जून 2023 को एक नोटिस जारी किया गया था. गायकी अनुसूचित जनजाति वर्ग से एकमात्र महिला उम्मीदवार हैं.

इसलिए, यदि वह उन उप-चुनावों को लड़ती हैं तो वे जीतेंगी, इसलिए याचिकाकर्ताओं ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और मांग की कि गायकी को सरपंच पद के उप-चुनाव लड़ने से रोका जाए. इस बीच , जिला प्रशासन ने समय पर जाति वैधता प्रमाण पत्र जमा नहीं करने के कारण लातूर जिले के छह तालुकाओं के 410 ग्राम पंचायत सदस्यों को अयोग्य घोषित कर दिया है. जिला कलेक्टरों के आदेश के अनुसार, इसे जनवरी 2023 के अंत तक उन जिला कलेक्टरों को प्रस्तुत किया गया था जो रेनपुर, निलंगा, देवानी, उदगीर, जलकोट और अहमदपुर तालुकों में आरक्षित सीटों पर चुने गए थे और जिन्होंने वैधता प्रमाण पत्र नहीं दिया था.

**तालुकावार अयोग्य सदस्य**

**रेनापुर 42, निलंगा 109, देवानी 78, उदगीर 109, जलकोट 13, अहमदपुर 59 कुल 410. इसमें बड़ी संख्या में सरपंच और उपसरपंच शामिल होने से गांवों में राजनीति गरमा गई है. शेष चार तालुकों के सदस्यों को लेकर कलेक्टर कार्यालय ने जल्द ही निर्णय लेने के संकेत दिये हैं.**

# RPF कॉन्सटेबल ने बंदूक दिखा बुर्का पहने महिला से लगवाया था धार्मिक नारा, और क्या पता चला?





**महाराष्ट्र :** रेलवे सुरक्षा बल के एक कॉन्स्टेबल ने 31 जुलाई की सुबह जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में 4 लोगों की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी थी. अब जांच में सामने आया है कि उसने बुर्का पहने हुए एक महिला को धमकाया था और बंदूक की नोक पर उसे 'जय माता दी' कहने के लिए मजबूर भी किया था. इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में पुलिस के सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि बोरीवली की राजकीय रेलवे पुलिस ने उस महिला की पहचान कर ली है. महिला का बयान भी दर्ज.किया गया है. बोरीवली ऋक्ष्ढ ही इस मामले की जांच कर रही है. उसे मुख्य गवाह बनाया गया है. सूत्रों ने ये भी बताया कि ये पूरी घटना ट्रेन में लगे CCTV कैमरे में रिकॉर्ड भी हुई है.

**'मारने की धमकी'**

आरोपी कॉन्स्टेबल चेतन सिंह ने इ-3 कोच में बुर्का पहनी महिला को अपना निशाना बनाया. रिपोर्ट के अनुसार, महिला ने अपने बयान में बताया है कि चेतन ने उसपर बंदूक तान दी. फिर उसे 'जय माता दी' कहने के लिए कहा. जब महिला ने ऐसा किया तो आरोपी ने उसे कथित तौर पर जोर से 'जय माता दी' कहने के लिए कहा. रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया कि इसके बाद महिला ने कथित तौर पर उसकी बंदूक को धक्का मारा. फिर उसने आरोपी से पूछा कि तुम कौन हो? इस पर चेतन ने उसे धमकी दी कि अगर महिला उसके हथियार को छुएगी तो वो उसे मार देगा.

**चार लोगों की हत्या**

आरोप है कि चेतन ने जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में अपने सीनियर अरक टीकाराम मीणा और तीन अन्य यात्रियों की गोली मारकर हत्या कर दी थी. ये तीन यात्री अब्दुल मोहम्मद हुसैन भानुपुरवाला, सैय्यद सैफुद्दीन और असगर अब्बास शेख थे. चेतन फिलहाल न्यायिक हिरासत में है. ट्रेन से वायरल हुए वीडियो में दिखाई दे रहा है कि चेतन एक शव के बगल में खड़ा है. इसमें उसे कहते हुए सुना जा सकता है कि 'पाकिस्तान से ऑपरेट हुए हैं ये, और मीडिया यही कवरेज दिखा रही है. उनको सब पता चल रहा है कि ये क्या कर रहे हैं... अगर वोट देना है, अगर हिंदुस्तान में रहना है तो मैं कहता हूं मोदी और योगी ये दो हैं.'

जांच में सामने आया है कि चेतन सिंह की आवाज का सैंपल और इस वीडियो क्लिप की आवाज एक जैसी है. इस वीडियो और यात्रियों के बयान के आधार पर चेतन पर क्ढ्ड की 153 अ (धर्म, जाति, जन्म, स्थान, निवास के आधार पर विभिन्न समुहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने), 302(हत्या), 363(अपहरण) जैसी धाराओं के तहत केस दर्ज. किया गया है. इनके अलावा उस पर आर्म्स एक्ट और रेलवे एक्ट में भी मामला दर्ज.है.

# कोल्हापुर में हिली धरती, आया 3.4 तीव्रता का भूकंप... जानमाल का नुकसान नहीं



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के कोल्हापुर में बुधवार सुबह 3.4 तीव्रता का भूकंप आया। इसकी जानकारी राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने दी। फिलहाल किसी नुकसान की कोई खबर सामने नहीं आई है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में बुधवार सुबह 3.4 तीव्रता का मध्यम तीव्रता का भूकंप आया। एनसीएस ने कहा कि झटके भारतीय मानक समय (आईएसटी) पर 06:45 बजे महसूस किए गए। यह भूकंप 5 किलोमीटर की गहराई पर आया था। बता दें, फिलहाल किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं है। गौरतल है, कोल्हापुर मुंबई से लगभग 375 किमी दूर पश्चिमी महाराष्ट्र में स्थित है।

# मुंबई से सटे ठाणे के अपार्टमेंट में लगी भयंकर आग

## मौके पर फायर ब्रिगेड की 4 गाड़ियां तैनात...



**ठाणे :** महाराष्ट्र से मिल रही बड़ी खबर के अनुसार, यहां राजधानी मुंबई से सटे ठाणे में आज यानी बुधवार तड़के एक अपार्टमेंट में आग लग गई। हालांकि, ठाणे नगर निगम के अनुसार, अभी तक किसी भी दुर्घटना की सूचना नहीं मिली है। मौके पर दमकल की चार गाड़ियां मौजूद हैं। वहीं, आग लगने के कारणों का फिलहाल पता लगाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, आज ठाणे में तड़के एक बड़ा हादसा घटित हो गया। दरअसल यहां एक अपार्टमेंट में भीषण आग लग गई।

वहीं घटना की सूचना पर मौके पर चार दमकल की गाड़ियां पहुंची। लेकिन, तब तक अपार्टमेंट को आग की लपटों ने अपनी चपेट में ले लिया था। इसके बाद देखते ही देखते आग ने भयंकर और विकराल रूप धारण कर लिया। वहीं, मामले पर ठाणे नगर निगम के मुताबिक, अभी तक किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। आग बुझाने का प्रयास जारी है। हालांकि, आग लगने का कारण अभी तक सामने नहीं आ सका है। टीम कारणों की तलाश में जुटी है।

गौरतलब है कि, बीते 1 जुलाई को भी महाराष्ट्र में एक ऐसा ही आग की लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया था। जब बुलढाणा में समृद्धि महामार्ग एक्सप्रेसवे पर एक अउबस आग की चपेट में आ गई थी। वहीं इस बस में सवार करीब 32 यात्री नागपुर से मुंबई की ओर जा रहे थे। हादसे में 26 लोगों की मौत गई थी। घटना में कई गंभीर रूप से जख्मी भी हुए थे। जानकारी दें की बीते माय 2023 को भी ठाणे =शहर में सुबह करीब 10 बजे एक अस्पताल के पास स्थित कुछ दुकानों में आग लग गई थी। तब यहां मानपाड़ा जंक्शन पर केक की एक दुकान और प्लाईवुड बेचने वाली एक इकाई में आग लग गई थी।



# फडणवीस के खिलाफ केस दर्ज करवाने वाले वकील के खिलाफ मकोका के तहत एफआईआर... परिजनों पर भी आरोप

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की जेल में बंद पूर्व वकील और सामाजिक कार्यकर्ता पर मकोका के तहत केस दर्ज किया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता के साथ छह अन्य लोगों के खिलाफ भी इसी मामले में एफआईआर दर्ज हुई है, जिनमें उइके का भाई, पत्नी सहित अन्य रिश्तेदार शामिल हैं।



**पहले जानिए, कौन है सतीश यूईके**

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सामाजिक कार्यकर्ता सतीश यूइके मुंबई की आर्थर जेल में बंद हैं। उइके महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ भी चुनाव आयोग में शिकायत कर चुके हैं। उन्होंने स्थानीय अदालत में फडणवीस के खिलाफ याचिका दायर करते हुए कहा था कि 2014 में चुनावी हलफनामे में उन्होंने आरपाधिक मामलों की जानकारी छिपाई थी। इसके अलावा यूइके ने न्यायाधीश बीएच लोया की रहस्यमयी मौत पर संदेह जताते हुए एसआईटी जांच की मांग की थी। बता दें, पूर्व जस्टिस लोया, सोहराबुद्दीन शेख के फर्जी मुठभेड़ मामले की सुनवाई कर रहे थे। मामले में गृहमंत्री अमित शाह आरोपी थे। एक शादी समारोह में शामिल होने गए लोया 2014 में दिल का दौड़ा पड़ने से खत्म हो गए थे।

नागपुर इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के डिविजनल इंजीनियर पंकज पाटिल ने उईके के खिलाफ शिकायत की। इसके बाद मंगलवार को उइके सहित अन्य छह लोगों के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम, 1999 (मकोका) के तहत केस दर्ज किया गया। आरोप है कि सातों ने मिलकर जमीन के जाली दस्तावेज बनाये थे, जो मूल रूप से विठ्ठल धावले के स्वामित्व में थी। फिलहाल, 1990 के दशक से इसका स्वामित्व नागरिक प्राधिकरण के पास है।

**अन्य आरोपियों में यह लोग शामिल**

पुलिस द्वारा दर्ज माकोका मामले में अन्य छह लोगों में प्रदीप उइके (भाई), माधवी उइके (पत्नी), सुभाष मणिलाल बघेल (श्रीरंग हाउसिंग कोऑपरेटिव सोसाइटी के अध्यक्ष), चंद्रपेखर नामदेवराव मटे सहित उईके के परिवार के दो अन्य सदस्य पेखर महादेवराव उके और मनोज महादेवराव उईके शामिल हैं। बता दें, पिछले साल ईडी ने उईके और उनके भाई प्रदीप को -11.5 करोड़ से अधिक के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। अप्रैल 2022 से दोनों मुंबई की आर्थर रोड जेल में बंद हैं।

# मुंबई उत्तर पूर्व लोकसभा सीट पर काफी दिलचस्प होगा चुनावी समर

## शिवसेना के विरोध के चलते बीजेपी ने किरीट का टिकट कट गया था

**मुंबईः** देश की आर्थिक राजधानी और मायानगरी के नाम से मशहूर मुंबई शहर की मुंबई नार्थ-ईस्ट लोकसभा सीट भी काफी अहम मानी जाती है। यहां से कांग्रेस और बीजेपी दोनों के दिग्गज नेताओं ने चुनाव लड़ा और देश की संसद में पहुंचे। जिसमें कांग्रेस और बीजेपी के दिवंगत प्रमोद महाजन और गुरुदास कामत का नाम प्रमुख है। इस सीट से किरीट सोमैया भी दो बार सांसद रह चुके हैं। हालांकि। पिछली बार बीजेपी आलाकमान ने उनका टिकट काटकर बीएमसी के पार्षद मनोज कोटक को मैदान में उतारा था। इस सीट से मनोज कोटक ने जीत भी दर्ज की है। इस सीट पर अब कांग्रेस या उसकी सहयोगी पार्टी और बीजेपी का ही कब्जा रहा है। इस सीट पर महाविकास अघाड़ी



और शिवसेना-बीजेपी और पवार गठबंधन के उम्मीदवार के बीच में कड़ी टक्कर होना तय माना जा रहा है। फिलहाल के सर्वे देखते हुए लग रहा है कि मुकाबला बेहद रोचक होने वाला है। आइए जानते हैं इस लोकसभा सीट के बारे में। इस लोकसभा सीट के छह विधानसभा सीट आती हैं जिनमे से एक सीट समाजवादी पार्टी, दो पर शिवसेना और तीन पर बीजेपी का कब्जा है। साल 1996 में इस सीट से बीजेपी के प्रमोद महाजन और कांग्रेस में गुरुदास कामत ने अपनी किस्मत आजमाई थी।

# बद से बदतर हो सकती है अस्पताल की स्थिति



**ठाणे :** पिछले हफ्ते एक ही दिन में १८ मरीजों की मौत के बाद से ही कलवा अस्पताल सुर्खियों में छाया हुआ है। अब ऐसे में अस्पताल के सीनियर डॉक्टरों से तंग आकर कुछ जूनियर डॉक्टर इस्तीफा देने की तैयारी में हैं। उनका कहना है कि सीनियर डॉक्टरों द्वारा उनके साथ गलत व्यवहार किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, ये सभी डॉक्टर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनिरुद्ध मालगांवकर से परेशान होकर इस्तीफा देने की तैयारी में हैं। वर्तमान में ये सभी डॉक्टर विभिन्न विभागों में कार्यरत हैं। डॉक्टर मालगांवकर पिछले दो वर्षों से कलवा अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक हैं।

एक ओर जहां अपर्याप्त कर्मचारियों के कारण छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल पर मरीजों दबाव बढ़ गया है, तो वहीं दूसरी ओर अगर डॉक्टर इस्तीफा देते हैं तो अस्पताल की स्थिति बद से बदतर हो सकती है। वर्तमान में कलवा अस्पताल में १२५ डॉक्टर, १४० रेजिडेंट डॉक्टर और ५०० बेड की क्षमता के लिए १८० नर्से कार्यरत हैं। अब ऐसे में यदि कुछ डॉक्टर इस्तीफा देते हैं तो मैनपॉवर और भी कम हो जाएगी।

इस संबंध में जब कलवा अस्पताल के अधीक्षक डॉ. मालगांवकर से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह बात मेरे भी कानों में पड़ी है लेकिन अस्पताल पर बढ़ते दबाव को देखते हुए डॉक्टरों पर भी दबाव बढ़ गया है। कुछ दिनों से बायोमेट्रिक अटेंडेंस शुरू हो गई है। गुरुवार से इसका शत-प्रतिशत क्रियान्वयन किया जाएगा, साथ ही अनुशासन लागू करने का प्रयास किया जाएगा। इसलिए कुछ डॉक्टरों ने यह कदम उठाया होगा। हालांकि उन्होंने दावा किया कि कोई भी डॉक्टर इस्तीफा नहीं देगा।

# शरद-अजित पवार के बीच गुप्त बैठकों से एमवीए में बढ़ी चिंता...

## कांग्रेस ने बताया परेशान करने वाला...



**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अजित पवार गुट के महाराष्ट्र की शिंदे सरकार में शामिल होने के बाद राज्य में सियासी खींचतान जारी है। हाल के दिनों में उभरे मतभेदों के बावजूद एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बीच हुई गुपचुप बैठकों से विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) में चिंता बढ़ गई है। एमवीए की सहयोगी पार्टी कांग्रेस ने शरद पवार और अजित पवार के बीच बैठकों को परेशान करने वाला बताया है। इन बैठकों के संबंध में जब महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह उनकी पार्टी के लिए चिंता का विषय है। एनसीपी, शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस के साथ महा विकास अघाड़ी गठबंधन का हिस्सा है। पुणे में शरद पवार से अजित पवार की मुलाकात के बारे में पटोले ने कहा कि यह हमारे लिए चिंता का विषय है। हमें ऐसी गुप्त बैठकें स्वीकार नहीं हैं।

**शीर्ष नेतृत्व के साथ करेंगे चर्चा**

कांग्रेस नेता ने कहा कि हम इस मसले पर शीर्ष नेतृत्व के साथ चर्चा करेंगे। 'इंडिया' गठबंधन भी इस पर चर्चा करेगा, इसलिए उनके लिए इस मुद्दे पर बात करना उचित नहीं होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हर उस व्यक्ति से हाथ मिलाने का फैसला किया है, जो भाजपा से लड़ने को तैयार है। साथ ही उन्होंने इन अटकलों को भी खारिज किया कि कांग्रेस शरद पवार को साथ लिए बिना लोकसभा चुनाव लड़ने पर विचार कर रही है। इस बीच, मंगलवार को अपने गृहनगर बारामती में बोलते हुए शरद पवार ने कहा कि पार्टी में कुछ लोगों ने अलग रास्ता अपनाया है, लेकिन एक बार उन्हें स्थिति का अहसास हो जाएगा, तो उनका रुख बदल सकता है। उन्होंने एक सभा में कहा कि चाहे वे अपना रुख बदलें या न बदलें, हम अपने रास्ते से नहीं हटेंगे। पवार ने कहा, मैंने महाराष्ट्र के मतदाताओं से किसी को वोट देने के लिए कहा है। अब, मैं उन्हें किसी ऐसे व्यक्ति को वोट देने के लिए नहीं कह सकता जिसका हमने हमेशा विरोध किया है।

**एमबीए में कोई भ्रम नहीं...**

इससे पहले शरद पवार ने स्पष्ट किया था कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के साथ पुणे में हुई उनकी मुलाकात को लेकर विपक्षी महा विकास आघाड़ी (एमवीए) में किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति नहीं है।

# पालघर में स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी से मचा हड़कंप



**पालघर :** स्वतंत्रता दिवस के जश्न से एक दिन पहले किसी शरारती तत्व ने मुंबई पुलिस को फोन कर नालासोपारा स्थित ब्लूमिंग बर्ड हाईस्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दे डाली। यह सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आनन-फानन तुलिंज थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और स्कूल परिसर को खाली कराया। सभी छात्रों के स्कूल बैग की जांच की गई। पालघर और ठाणे के बम स्क्वायड ने भी मौके पर पहुंचकर बम की तलाश की लेकिन कुछ बरामद नहीं हुआ। जांच में सामने आया कि काल फर्जी था। मामले में नालासोपारा के अछोले पुलिस स्टेशन में एफआइआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक सोमवार दोपहर तकरीबन 3:30 बजे अछोले थाने के लैंडलाइन नंबर पर फोन आया। सूचना पर टीम मौके पर पहुंच गई और स्कूल परिसर को खाली कराया गया।



# मुंबई के 24 प्रशासनिक वॉर्डों में कूड़े-कचरे पर 4,153 तो मिट्टी व मलबे पर 1,365 शिकायतें मिली



**मुंबई :** महानगर मुंबई में साफ-सफाई बेहतर करने को लेकर मनपा भले ही बड़े-बड़े दावे कर रही हो, लेकिन जहां-तहां कचरा और मिट्टी के ढेर पड़े होने से लोगों की शिकायतें बढ़ती जा रही हैं। मुंबई में जहां-तहां कचरा और ढेर के लिए पिछले दो महीने में ५,५०० शिकायतें मिली हैं। मनपा के अनुसार, ७ जून से १२ अगस्त के बीच मनपा को मुंबई के २४ प्रशासनिक वॉर्डों में कूड़े-कचरे पर ४,१५३ तो मिट्टी व मलबे पर १,३६५ शिकायतें मिली हैं।

मनपा की ओर से मुंबई को स्वच्छ बनाने के लिए शुरू की गई पहल के तहत शिकायत के लिए टोल प्रष्ठी नंबर जारी किया गया था। कचरा विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि वरिष्ठ अधिकरियों के निर्देश पर एक इंटरैक्टिव फोरम बनाया गया, जहां शिकायतकताओं ने तस्वीरें पोस्ट कर स्थान का उल्लेख किया है। बाद में वॉर्ड कार्यालय के अधिकारियों ने उस समस्या का समाधान किया और फिर उसके बाद एक नई तस्वीर पोस्ट की है। पहले एक लंबी प्रक्रिया थी, जिसके तहत लोग आपदा नियंत्रण हेल्पलाइन १९१६ पर शिकायतें करते थे, लेकिन बाद में शिकायतें वॉर्ड और फिर कचरा प्रबंधन विभाग को भेज दी जाती थी। अब सीधे वॉर्ड को भेज दी जाती हैं।

# मात्र २ हजार रुपए के लिए दोस्त की हत्या

**मुंबई :** देवनार इलाके से, जहां दो दोस्तों ने धनवान बनने के लिए चोरी का रास्ता चुना। लेकिन कुछ ऐसा हुआ कि एक दोस्त ने दूसरे की हत्या मात्र २ हजार रुपए के लिए कर दी। इसी घटना पर प्रकाश डालती आज की पड़ताल ... ३ जून २०१५ दिन सोमवार शाम ७ बजे के करीब देवनार पुलिस स्टेशन में किसी ने बताया की बैगनवाड़ी सिग्नल के पास मकान के पीछे एक व्यक्ति जख्मी हालत में पड़ा है। जानकारी के आधार पर देवनार पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक (क्राइम) गुलाबराव पाटिल ने टीम के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर जख्मी युवक को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। लेकिन उसे उपचार से पहले ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने प्राथमिक जांच में पाया कि युवक की हत्या की गई थी। जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच




शुरू की। सबसे पहले मृत युवक की पहचान की गई। आसपास पूछताछ में पता चला कि मृत युवक का नाम अकबर कुरबान (१९) है। और वह घटना वाले दिन अपने दोस्त हासिम अंसारी के साथ था। पुलिस को यह भी पता चला कि हासिम भी अस्पताल में भर्ती है, जिसके बाद पुलिस अस्पताल पहुंची और हासिम से पूछताछ की। उसने बताया कि उस पर और अकबर पर कुछ लोगों ने हमला किया था। उसके बताए अनुसार पुलिस ने स्केच भी बनवाया। अपराध निरीछक गुलाबराव पाटिल ने बताया कि पूछताछ में हर बार हासिम अलग-अलग बयान दे रहा था। जिससे पुलिस को संदेह हुआ। इसके बाद पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया तो हासिम ने अपना गुनाह कबूल कर लिया।

हासिम ने पुलिस को बताया कि उसने और अकबर ने मिलकर ४,००० रुपए की छिनैती की थी। लेकिन बंटवारे में अकबर केवल ५०० रुपए हासिम को दे रहा था। जबकि हासिम २,००० रुपए की मांग कर रहा था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ा कि हासिम ने अकबर की हत्या करने की साजिश रच डाली। साजिश के अनुसार, हासिम ने अकबर को बैगनवाड़ी जंक्शन पर बुलाया। पुरानी बात को लेकर दोनों के बीच फिर से झगड़ा शुरू हो गया।

# अजीत पवार के सत्ता में आने से शिंदे गुट नाराज !

**मुंबई :** जब से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से बगावत करके अजीत पवार गुट सरकार में शामिल हुआ है। तब से यह चर्चा हो रही है कि महायुति में कुछ ठीक नहीं चल रहा है। हाल ही में ऐसी खबरें आई थीं कि अजीत पवार के सत्ता में आने से शिंदे गुट नाराज है। साथ ही शिंदे गुट के जो विधायक मंत्री पद पाने का इंतजार कर रहे थे, अब उनका यह सपना चकनाचूर होता दिख रहा है। इसलिए महायुति में अजीत पवार गुट और शिंदे गुट के बीच टकराव दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। यही कारण है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार एक मंच पर एक साथ आने में बचते नजर आ रहे हैं, जिसका जीता जागता प्रमाण यह है कि पिछले दिनों पुणे में चांदनी चौक पर हुए उड़ान पुल के उद्घाटन में मुख्यमंत्री शिंदे बीमार होने का बहाना बनाकर नहीं गए, वहीं अजीत पवार गत सोमवार की म्हाडा के घरों की निकाली जा रही लॉटरी के कार्यक्रम में सहभागी नहीं हुए।

# मनपा के नायर अस्पताल में रियायत के साथ कम समय में मरीजों के मुंह की बीमारियों का इलाज

**मुंबई :** मनपा के नायर अस्पताल व डेंटल कॉलेज की नई विस्तारित इमारत को जल्द ही मुंबईकरों की सेवा में शामिल कर लिया जाएगा। यहां मरीजों को नवीनतम चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाएंगी१। इतना ही नहीं अस्पताल में रियायत के साथ कम समय में मरीजों के मुंह की बीमारियों का इलाज किया जा सकेगा। बताया जा रहा है कि इस विस्तारित इमारत का काम अंतिम चरण में है।

मनपा के अतिरिक्त आयुक्त




डॉ. सुधाकर शिंदे ने इमारत के काम की समीक्षा की और बचे सभी कार्यों को अगले दो माह में पूरा करने का निर्देश दिया। मुंबई सेंट्रल स्थित नायर अस्पताल व डेंटल कॉलेज में रोज औसतन ३५० से ४०० मरीज इलाज कराने के लिए आते हैं। हालांकि व्यस्ततम दिनों में यह संख्या ६५० से ८०० तक पहुंच जाती है। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए साल २०१८ में ११ मंजिला विस्तारित इमारत के निर्माण कार्य को शुरू किया गया था। मनपा अस्पतालों की निदेशक व नायर डेंटल अस्पताल की डीन डॉ. नीलम आंद्राडे ने कहा कि रोगियों की चिकित्सा सुविधा के लिए जापान से अत्याधुनिक प्लांट लाया गया है। सीबीसीटी प्लांट का उपयोग जबड़े और दांतों के इलाज के लिए किया जाएगा।

# पालघर से नाशिक भाड़ा लेकर गया ड्राइवर चार दिन से था लापता,कार पहुंची छत्तीसगढ़,ड्राइवर का मिला शव

**पालघर :** भाड़ा लेकर गया टेक्सी ड्राइवर अचानक गायब हो गया। चार दिन तक परिवार और पुलिस ने उसकी काफी तलाश की। लेकिन वह कहीं नहीं मिला. आखिरकार, चार दिनों के बाद ड्राइवर को ढूंढ लिया, लेकिन वह मृत पाया गया। ड्राइवर का क्षत-विक्षत शव त्र्यंबकेश्वर के अंबोली घाट पर मिला। मृतक ड्राइवर का नाम आसिफ है. इस मामले में पालघर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है.



आसिफ के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है.

उक्त कार पालघर के गणेश नगर इलाके के महेश सूर्यवंशी की है। शनिवार को महेश का ड्राइवर तीन किरायेदारों के साथ पालघर से नाशिक के लिए निकला। लेकिन जब किराया नाशिक तक था तो नाशिक के बगल वाले टोल परटोल फास्टटैग से पैसे कटते ही कार मालिक महेश सूर्यवंशी को शक हो गया। उन्होंने ड्राइवर आसिफ घाची से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की। लेकिन आसिफ ने फोन नहीं उठाया. काफी देर तक आशिफ ने फोन नहीं किया. इसके बाद जब गाड़ी की लोकेशन चेक की गई तो ट्रेन के मालिक महेश सूर्यवंशी ने बताया कि गाड़ी रविवार को सीधे छत्तीसगढ़ पहुंची थी. लेकिन छत्तीसगढ़ के एक टोल बूथ का सीसीटीवी फुटेजजाँच करने पर, चूँकि कार का चालक आसिफ

# विशेष मिशन इंद्रधनुष्य ५.0; 2,806 शिशुओं और 296 गर्भवती माताओं को टीका लगाया गया

**मुंबई :** मुंबई मनपा के स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए गए ङविशेष मिशन इंद्रधनुष्य ५.०' टीकाकरण अभियान के तहत शहर में 2,806 शिशुओं और 296 गर्भवती माताओं को टीका लगाया गया है। बताया गया है कि पहले दौर में अभियान के तहत निर्धारित शत प्रतिशत लक्ष्य को हासिल किया गया गया है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने 7 से 12 अगस्त तक पूरे मुंबई में घर-घर टीकाकरण अभियान चलाया। इस अभियान का दूसरा दौर 11 से 16 सितंबर तक चलाया जाएगा।

उल्लेखनयी है कि मनपा के अतिरिक्त आयुक्त डॉ. सुधाकर शिंदे की अध्यक्षता में शहर एक्शन टीम और मुंबई के सात हाई रिस्क विभागों की बैठक हुई थी। इसके साथ ही 24 प्रशासनिक विभाग स्तर पर विभाग एक्शन फोर्स की



बैठक हुई। बैठक में तय किया गया कि पहले दौर के लिए स्वास्थ्य कर्मचारी घर-घर जाकर सर्वे करेंगे और शून्य से पांच साल तक के 2,638 शिशुओं और 304 गर्भवती महिलाओं को टीके लगाए जाएंगे। इसके लिए विशेष इंद्रधनुष 5-0 मिशन के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी स्वास्थ्य कर्मियों को मुख्यालय, विभाग, स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर कुल 265 प्रशिक्षण सत्रों में प्रशिक्षित किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों में टीकाकरण के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए 24 विभागों में स्थित स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर दीवारों पर पोस्टर चसपाए गए। मनपा की कार्यकारी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दक्षा शाह के मुताबिक शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा घर-घर सर्वेक्षण किया गया। इस सर्वेक्षण के अनुसार 7 अगस्त से 12 अगस्त के बीच 0 से 5 वर्ष की आयु के 2,606 बच्चों और 296 गर्भवती माताओं का टीकाकरण किया गया है। कुल मिलाकर पहले दौर में निर्धारित लक्ष्य को शत प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। यह अभियान आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ ही इंडियन एसोसिएशन ऑफ पेडियाट्रिशियन के सहयोग से पूरा हुआ है।

## यूपी : स्वाधीनता दिवस पर अकबरपुर से भाजपा के दावेदार जीत ने फहराया झंडा, उमड़ी भीड़

## - अकबरपुर के गांव - कस्बों में स्वाधीनता दिवस पर फहराया तिरंगा, निकाली यात्रा

**कानपुर।** यहां 77 वें स्वतंत्रता दिवस को बहुत धूमधाम से मनाने में विभिन्न संगठनों के साथ 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के दावेदारों की भी भूमिका बहुत अहम रही। अपने लोकसभा के अंतर्गत अनेक गांवों और कस्बों में ध्वजारोहण करने भी पहुंचे, जिसमें अकबरपुर लोक सभा क्षेत्र से प्रबल दावेदार जीत प्रताप सिंह का भी नाम चर्चा में रहा।

स्वाधीनता दिवस की इस अवसर पर अकबरपुर से चुनाव जीतने की हद तक मतदाताओं में मजबूत पकड़ रखने वाले प्रबल दावेदार जीत प्रताप सिंह ने अकबरपुर लोकसभा के अन्तर्गत अपनी दावेदारी मजबूत करते हुए विभिन्न जगहों पर ध्वजारोहण करते हुए तिरंगा यात्रा में शामिल हुए ।

इस बीच अकबरपुर लोकसभा से मतदाताओं की पहली पसंद के रूप में उभरे जन समस्याओं के खिलाफ शुरू से ही बेहद झुझारू तेवरों वाले तेजतर्रार और व्यवहार कुशल

जीत प्रताप सिंह ने क्षेत्रीय लोगो के बीच केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं की भी जानकारी दी।



उन्होंने मैथा , लालपुर , रायपुर, अकबरपुर ,रनिया , सलावतपुर , मोहम्मपुर , बारा ,मैधू, धर्मांगतपुर में पहुंच कर स्वाधीनता दिवस के आयोजनों में भाग लेकर ध्वजारोहण भी किया। साथ ही छावनी विधानसभा - श्याम नगर मण्डल में प्रभारी के दायित्व का निर्वाहन करते हुए हर घर तिरंगा अभियान की सफलता ने भी अकबरपुर से प्रबल दावेदार जीत प्रताप सिंह की मतदाताओं में मजबूत पकड़ भी प्रमाणित होने से अन्य दावेदारों के समर्थकों में खलबली मची हुई है।

इस दौरान टिकट मिलने की दशा में अकबरपुर लोकसभा सीट भारतीय जनता पार्टी की झोली में फिर डालने में हर तरह से सक्षम और समर्थ माने जा रहे दावेदार जीत प्रताप सिंह के साथ

मण्डल अध्यक्ष राकेश बाजपेयी , राजू धवन , टीकम सिंह, रवि सेंगर, राजकमल , अंकित कैथल , देवेश, शिवम् , आकाश , सतनाम सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष तरुण खन्ना, रवि सेंगर , रोहित सेंगर , अरविंद रावत , टीकम सिंह , आदर्श सेंगर , देवेश गुप्ता , दुर्गेश , राजकमल , जय नारायण सिंह , अशोक गुप्ता, आकाश , सैंडी ठाकुर , देवेश सेंगर, ललित मिश्रा , राजन सेंगर , शिवा , अंकित कैथल , शुभम विश्वकर्मा, सोनू , मुमताज और क्षेत्रीय पंचायत सदस्य तथा प्रधान भी मौजूद रहे।

## शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षिका अनिता सिहाग जिला स्तर पर सम्मानित




**लक्ष्मणगढ़,** जिला मुख्यालय पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुरा की शिक्षिका अनिता सिहाग को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए राजस्थान सरकार के काबिना मंत्री व प्रभारी मंत्री लालचंद कटारिया, संभागीय आयुक्त मोहनलाल यादव, पुलिस महानिरीक्षक सतेन्द्र सिंह, जिला कलेक्टर सौरभ स्वामी पुलिस अधीक्षक अनिल पारिस देशमुख, सीकर विधायक राजेन्द्र पारीक, नगरपरिषद सभापति जीवण खां ने प्रशस्ति पत्र व प्रतिक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## नौनिहालों की देश भक्ति कार्यक्रम देख मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

**धनघटा।** एसआर इंटेनेशनल एकेडमी नाथनगर पर मंगलवार को स्वन्त्रता दिवस के पावन पर्व पर देश भक्ति से सरोबर सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम रही। देश भक्ति से ओत प्रोत देखकर हर किसी के अंदर राष्ट्र के प्रति निष्ठा की झलक देखने को मिला। अमर शहीदों के गुणगान करते हुए नारो से पूरा वातावरण गूंजता रहा।

मुख्य अतिथि सूर्या ग्रुप एमडी डॉ0 उदय प्रताप चतुर्वेदी और विद्यालय मैनेजिंग डायरेक्टर राकेश चौबे ने देश की आन बान और शान तिरंगे को फहराया और सलामी दी।



राष्ट्रगान होने के बाद मां सरस्वती की आराधना और संस्थापक के चित्र पर दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण करके किया। गणेश वंदना के बाद कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। इसके बाद नन्हे मुन्ने बच्चो से लेकर बड़े छात्रों ने एक से बढ़कर एक देश भक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर राष्ट्र सेवा की भावना जागृत किया। सूर्या ग्रुप एमडी डॉ0 उदय प्रताप चतुर्वेदी ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व पर हम सभी अमर स्वाधीनता सेनानियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर उनके सपनों का भारत बनाने के लिए संकल्पित हो।

## सुशासन, समृद्धि, शांति और सम्मान ही स्वन्त्रता दिवस की है पहचान

### - नाथनगर ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित हुआ कार्यक्रम
### - सेनानियों के शीला पट्ट पर अर्पित किया गया श्रद्धासुमन

**धनघटा।** स्वन्त्रता दिवस के मौके पर मंगलवार को नाथनगर ब्लाक मुख्यालय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीडीओ अमरेश सिंह चौहान और ब्लाक प्रमुख राम वृक्ष यादव ने संयुक्त रूप से ध्वजारोपण किया। परिसर में लगे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के शीला पट्ट पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस दौरान कर्मचारियों को निष्पक्ष ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई गई। उपस्थित लोगों को देश के बीर अमर सपूतों की वीर गाथा के बारे में जानकारी दी गई।

उपस्थित लोगों के बीच अपनी बात रखते हुए प्रमुख राम वृक्ष यादव ने कहा कि हम स्वन्त्रता दिवस समारोह के साथ वास्तव में हम एक महान लोक तंत्र के नागरिक होने का उत्सव भी मनाते है। उन्होंने कहा कि जाति, पंथ, भाषा और क्षेत्र के अलावा हमारी अपने परिवार और कार्य क्षेत्र से जुड़ी पहचान होती है।



बीडीओ अमरेश सिंह चौहान ने कहा कि यह दिन हम सब के लिए गौरव पूर्ण दिन है।

स्वधीनता सग्राम सेनानियों के प्राण आहुति देने की वजह से हम सभी देश वासी बड़े उत्साह के साथ आजादी का अमृत महोत्सव मना पा रहे है। उन्होंने कहा कि हर ग्राम पंचायतो में उस गांव से जुड़े स्वन्त्रता सेनानियों का शीला पट्ट स्थापित हुआ है। जिससे ग्राम वासियों को मिट्टी के



लाल के प्रति जागरूक हो सके। इस मौके पर एडीओ पंचायत आनन्द मोहन, लेखाकार दीपक कुमार, एपीओ मेराज अहमद, मो0 आरिफ, हनुमान शुक्ला, विनय तिवारी, सचिव शिव प्रकाश सिंह, प्रशांत यादव, विकास श्रीवास्तव, अजित कुमार शर्मा, उदयराज यादव, शिवकुमार, दिलीप गौड़, संदीप शुक्ल, राम सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

## सीरवी समाज एच.एस.आर ले आऊट वडेर में स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फहराया



**बेंगलुरू।** सीरवी समाज एच. एस.आर ले आऊट आईमाता मंदिर में स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। वडेर के अध्यक्ष फाऊलाल परिहारिया ने ध्वजारोहण किया और सभी को बधाइयां दी।

इस कार्यक्रम में फाऊलाल परिहारिया ने कहा की ये दिन भारत के गौरवशाली इतिहास के सबसे बड़े दिनों में से एक है। ये दिन हर भारतवासी के लिए बेहद ख्यास है। भारत देश महापुरुषों का योगियो का देश हैं।

हमारे देश प्रेम, सम्पूर्ण समर्पण और एकता का प्रतिक है। इस कार्यक्रम में संस्था के सह सचिव केनाराम मुलेवा कोषाध्यक्ष भंवरलाल बर्फा, सह-कोषाध्यक्ष बाबुलाल सोलंकी गेनाराम सेंणचा, जगाराम परिहारिया, बगदाराम बर्फा नवयुवक मंडल अध्यक्ष महेंद्र राठोड़ सचिव मदनलाल राठोड़ अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।




# फहराया तिरंगा, किया सम्मानित और बांटे फल

## कानपुर कार्डियोलॉजी में स्वाधीनता दिवस : डायरेक्टर बोले - नहीं होने देंगे सामान और सुविधाओं की कमी

**कानपुर।** आज यहां हृदय रोग संस्थान में भी 77 वां स्वाधीनता दिवस बहुत धूमधाम से मनाया गया।

झंडारोहण के बाद इस अवसर पर कार्डियोलॉजी में पहली बार बहुत धूमधाम से आयोजित किए गए स्वाधीनता दिवस के समारोह को संबोधित करते हुए डायरेक्टर डॉ राकेश वर्मा ने युवा हृदय रोग संस्थान के हित में किसी भी हद तक जा सकते हैं।



देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करके देश को आजादी दिलाने वाले स्वाधीनता सेनानियों अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सफल ऑपरेशन और सटीक इलाज के जरिए सैकड़ो हृदय रोगियों की जान बचाने का रिकॉर्ड तोड़ने वाले डायरेक्टर डॉ राकेश वर्मा ने भरोसा दिया कि हृदय रोग संस्थान के हित में सुविधाओं से संबंधित कोई भी कमी कदापि नहीं रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि वह मरीजों और कार्डियोलॉजी के हित में किसी भी हद तक जा सकते हैं'

कानपुर कार्डियोलॉजी में पहली बार बहुत धूमधाम से आयोजित किए गए इस स्वाधीनता दिवस समारोह में देश के जाने-माने हृदय रोग विशेषज्ञ डायरेक्टर राकेश वर्मा ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए 4 कर्मचारियों को सम्मानित कर सेवा भाव के प्रति उनके समर्पण का उत्साह वर्धन भी किया। साथ ही मरीजों को फलों का भी वितरण किया।

मरीजों के हित में अच्छा कार्य किए जाने के लिए प्रेरित करते हुए डायरेक्टर राकेश वर्मा ने भरोसा दिया कि किसी भी विभाग में सुविधाओं और सामान की कमी कदापि नहीं रहने दी जाएगी।

इस मौके पर डा. उमेश्वर पांडे ,डॉ एसके सिन्हा , डॉ ज्ञानेंद्र कुमार , डॉ विनय बाजपेई ,डॉक्टर नीरज कुमार और डॉक्टर नीरज प्रकाश आदि भी मौजूद रहे।

# सरकारी विद्यालय में कम्प्यूटर प्रिंटर किया भेंट



**लक्ष्मणगढ़ 16 अगस्त।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मिर्जवास में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर श्रीमती विमला देवी मील धर्मपत्नी गोवर्धन मील ने विद्यालय को कम्प्यूटर प्रिंटर भेंट किया ।जबकि विद्यालय के समस्त स्टाफ ने विधार्थियों को बैंग वितरित की।

इस अवसर पर घासीराम, लुणकरण, मुंकुदराम, सत्यनारायण वर्मा, सुरेन्द्र ओला, परमेश्वर मील, सीताराम मीणा, अमरचंद पुनिया,जगन, सुखवीर मील,राजू मील, भागीरथ पटेल, मनोज मीणा, बनवारी लाल जांगिड़, नवरंग लाल, रामरतन आदि मौजूद थे। इस मौके पर विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। विद्यालय इंचार्ज सुमन कुमारी ने आभार जताया।

# सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान के लिए स्वंतत्रता दिवस पर बागड़ी ट्रस्ट हुआ जिला स्तर पर सम्मानित

**लक्ष्मणगढ़।** सीकर संभाग के पहले स्वतंत्रता दिवस पर जिला स्तरीय सम्मान समारोह में संतरा देवी आनंद कुमार बागड़ी मेमोरियल ट्रस्ट लक्ष्मनगढ को शिक्षा, चिकित्सा सहित विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान व सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि एवं कृषि मंत्री राजस्थान सरकार लालचंद कटारिया, सीकर विधायक राजेंद्र पारीक, संभागीय आयुक्त सीकर मोहन लाल यादव, पुलिस महानिरीक्षक सत्येंद्र सिंह, जिला कलेक्टर सौरभ स्वामी, पुलिस अधीक्षक परिश देशमुख अनिल, सीकर सभापति जीवण खां आदि ने प्रशस्ति पत्र व प्रतिक चिन्ह भेंट कर संतरा देवी आनंद कुमार बागड़ी मेमोरियल ट्रस्ट लक्ष्मनगढ के संरक्षक अनिल कुमार बागड़ी को सम्मानित किया। जिला स्तरीय समारोह में



ट्रस्ट को सम्मानित किए जाने पर लक्ष्मनगढ के सामाजिक व सार्वजनिक संगठनों व प्रबुद्ध जनों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए ट्रस्ट के चैयरमेन महेश बागड़ी को बधाई दी है । ट्रस्ट की ओर से पिछ्ले करीब एक दशक से आमजन के हितार्थ, सामाजिक व सार्वजनिक क्षेत्र में अब तक 3 रक्तदान शिविर व 5 चिकित्सा शिविर ,सरकारी स्कूल में बच्चों को ड्रेस वितरण, छात्रवृत्ति, पार्क में बच्चों के लिए झूला,आमजन के विश्राम के लिए सीमेंटेड कुर्सी,प्रतिभा सम्मान,लक्ष्मनगढ के सरकारी अस्पताल में डीप फ्रीज, श्री रघुनाथ अस्पताल में डीप फ्रीज भेंट, जैयपुरिया मोक्षधाम, सैनी भवन, बालाजी मंदिर व एसडीएम कोर्ट में एक एक वाटर कूलर भेंट, जैयपुरिया श्मशान घाट में 1.51लाख रुपए की लागत से कर्मकांड कक्ष, सैनी बालाजी मंदिर 1.51लाख रुपए की लागत से कमरे का निर्माण ,फुले छात्रावास में 2.51लाख रूपए की लागत से कमरें का निर्माण ,महात्मा ज्योतिबा फुले समाज सेवा पुरस्कार व सावित्री बाई फुले शिक्षिका पुरस्कार प्रदान करना ,वृक्षारोपण रोपण व राष्ट्रीय कार्यो में सहयोग करना आदि कार्यों को किया गया है। जो अनवरत जारी है।

# ग्रामीणों ने रक्तदान शिविर लगाकर मोहन सिंह की पुण्यतिथि मनाई : जसपाल सिंह डाभी

**बाड़मेर,.** आमजन को समर्पित चिकित्सा सेवा में हमेशा अग्रणी रहने वाले स्वर्गीय मोहन सिंह भाटी सीनियर नर्सिंग ऑफिसर की प्रथम पुण्यतिथि पर लालानियों की ढाणी मगरा बाड़मेर की बडे. बुजुर्गों और समस्त ग्रामवासियों द्वारा स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया 'जिसमे लालानियो की ढाणी और आस पास के समस्त ग्रामवासियों सहित अनेक युवाओं ने बढ़ चढकर रक्तदान किया ' जसपाल सिंह डाभी ने कहा कि चिकित्सा सेवा करने में कोई भी व्यक्ति पीछे नहीं रहता है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अपने परिवार की तरह मरीजों से व्यवहार करने से मरीजों में अपनापन ता जिन्दगी अमीट छाप छोड़ देते हैं उन्हें याद करने से



पहले लोगों में उनके प्रति अश्रु धारा बह जातीं है। रक्तदान शिविर में भ्राता हरी सिंह व मोहन सिंह के पुत्र ओम सिंह ने स्वर्गीय मोहन सिंह भाटी की तस्वीर पर फूल मालाएँ और पुष्प अर्पित कर याद करते हुए कहा कि स्वर्गीय भाटी ने चिकित्सा सेवा में रहते हुए बड़ी लगन और मेहनत से लोगों को बेहतरीन सेवाएं प्रदान की थी ' जिनको आज भी गावों के लोगो द्वारा सराहया जा रहा है , उन्होंने अपने जीवनकाल में हमेशा आमजन की सेवा को ही सर्वोपरि रखा था ' जिसके मध्य नजर आज गांव वालों के द्वारा पहली बार रक्तदान शिविर का आयोजन कर पचास यूनिट रक्तदान कर उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर भावभीनी सादर श्रद्धांजलि अर्पित की गई '

रक्तदान शिविर कार्यक्रम के दौरान गांव के समस्त युवाओं के साथ मंगल सिंह,जुगत सिंह, लूण सिंह, चनण सिंह, राम सिंह, हाकम सिंह, छगन सिंह, गजे सिंह,प्रताप सिंह , लील सिंह,ईश्वर सिंह ,शंकर सिंह,रमेश सिंह इंदा, कमल किशोर माली उपस्थित रहे ' कैंप में मेडिकल विभाग से डॉक्टर स्वरूप सिंह भाटी, धर्म नारायण डॉक्टर, लैब टेक्नीशियन घनश्याम सिंह लैब सहायक, जोगेंद्र कुमार माली जन संपर्क अधिकारी, शिवलाल काउंसलर,खेता राम माली वाहन चालक,मदन लाल हेल्पर की सराहनीय सेवा रही ' रक्तदान शिविर में आने वाले सभी महानुभावों का लालानियों भाटी परिवार द्वारा आभार व्यक्त किया गया '

# स्वतंत्रता दिवस पर अनेक आयोजन: अमर शहीदों के स्वप्न साकार होंगे-डा.वी.के.वर्मा



**बस्ती ।** शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वतंत्रता दिवस का पर्व उल्लास के साथ मनाया गया। शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण के साथ अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम हुये। पटेल एस. एम. एच. हॉस्पिटल एंड पैरामेडिकल कॉलेज गोटवा बस्ती में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रबंधक एवं जिला चिकित्सालय बस्ती में आयुष चिकित्साधिकारी डॉ. वी.के. वर्मा ने झंडारोहण किया। कहा कि स्वंतत्रता का 76 वां वर्ष एक बड़ी उपलब्धि है। यह दिन अमर शहीदों को नमन करने का है जिनके बलिदान से देश आजाद हुआ और निरन्तर प्रगति की ओर है। कहा कि निश्चित रूप से अमर शहीदों के स्वप्न साकार होंगे।

इसी क्रम में गौतम बुद्ध मुराली देवी बालिका इण्टर कालेज गोटवा, गौतम बुद्ध विद्या मंदिर गोटवा कटया, वी.के. वर्मा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बसुआपार, श्री श्यामलाल वर्मा पूर्व माध्यमिक विद्यालय लौहरौली तिलकपुर , गौतम बुद्ध कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोटवा में ध्वजारोहण के साथ स्वतंत्रता दिवस का पर्व उल्लास से मनाया गया। कार्यक्रमों में मुख्य रूप से डा. आलोक रंजन, डा. आर.एन. चौधरी, डा. चन्दा सिंह, डा. मनोज मिश्र, आराधना पाण्डेय, जे.एन. वर्मा, प्रवीण त्रिपाठी, विनय मौर्या जे.पी. दूबे, डा. पवन गुप्ता आदि शामिल रहे।

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : गुरुवार 17 अगस्त 2023






# जरीन खान हुई अस्पताल में एडमिट, डेंगू के चलते बिगड़ी हालत, फोटो शेयर कर लोगों को दी अलर्ट रहने की सलाह

**एक्ट्रेस** जरीन खान की तबियत खराब है और वे इन दिनों हॉस्पिटल में एडमिट हैं. एक्ट्रेस को डेंगू हो गया है और वे तेज बुखार के साथ शरीर में दर्द से जूझ रही हैं. इस बात की जानकारी एक्ट्रेस ने खुद अपने सोशल मीडिया के जरिए दी है. जरीन खान ने पहले अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी लगाई थी जिसमें उनके हाथ में ड्रिप लगी हुई दिखाई दी थी. हालांकि बाद में एक्ट्रेस ने वह स्टोरी डिलीट कर दी. इसके बाद एक्ट्रेस ने एक दूसरी स्टोरी लगाई जिसमें जूस का ग्लास दिखाई दे रहा है. जरीन खान ने कई फिल्मों में लीड रोल निभाया है. वे हेट स्टोरी 3, वीर, वजह तुम हो जैसी कई फिल्मों में दिखाई दे चुकी हैं. उन्होंने पंजाबी, तमिल और तेलुगू फिल्मों में भी काम किया. एक्ट्रेस को कैटरीना कैफ की कॉपी कहा जाता है और शायद यही वजह है कि एक्ट्रेस को हिंदी सिनेमा में बहुत जल्दी फेम भी मिला. जरीन खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए फैंस से डेंगू को रोकने के लिए सावधानी बरतने की भी अपील की है. उन्होंने साफ और मच्छर-मुक्त माहौल बनाए रखने और कीटनाशक दवाओं का इस्तेमाल करने के लिए भी कहा है. इन दिनों देश में डेंगू का आतंक छाया हुआ है. आय दिन डेंगू के मामले सामने आ रहे हैं. डेंगू बुखार, एक मच्छर से फैलने वाला वायरस है जो काफी तेजी से फैलता है. यह मादा मच्छर के दिन में काटने से होता है. ये



# दिशा पाटनी ने बतौर डायरेक्टर किया डेब्यू, 'क्यों करूं फिकर' के टीजर में दिखाई कातिल अदाएं

**बॉलीवुड** की ग्लैमरस एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने हमेशा अपने काम में कुछ क्रिएटिव और नया करने की कोशिश की है। उनकी गिनती उन चुनिंदा एक्ट्रेस में होती है, जो अच्छी एक्टिंग के साथ ही वर्सटाइल स्टाइल में डांस भी करती हैं। दिशा ने कम समय में अपनी तगड़ी फैन फॉलोइंग बना ली है और अब एक्ट्रेस ने अपने करियर को नया रूप देने के लिए एक कदम और आगे बढ़ाया है। दिशा पाटनी अब सिर्फ अभिनेत्री के तौर पर नहीं, बल्कि डायरेक्टर के तौर पर भी जानी जाएंगी। 'बागी 2' एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने अपने करियर ग्राफ में लंबी छलांग लगाई है। उन्होंने 2016 में 'एमएस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी' से डेब्यू किया था। सात सालों के अंदर दिशा ने बड़ी हिट फिल्में और आइटम नंबर्स के जरिये अपने टैलेंट को प्रूव किया है। अब वह एक्ट्रेस के साथ ही डायरेक्टर भी बन गई हैं। हाल ही में दिशा ने 'क्यों करें फिकर' का टीजर जारी किया। यह म्यूजिक एल्बम है, जिसकी निर्देशक और लीड एक्ट्रेस खुद दिशा हैं। वीडियो में दिशा को मस्तमौला अंदाज में अपनी लाइफ को एंजॉय करते देखा जा सकता है।



कभी बीच पर, तो कभी पार्टी में, दिशा केयरफ्री होकर हर मोमेंट को एंजॉय करती देखी जा सकती हैं। इसलिए एल्बम का नाम भी 'क्यों करूं फिकर' है। पूरा गाना 21 अगस्त को रिलीज किया जाएगा। दिशा पाटनी की अपकमिंग फिल्मों की बात करें, तो उनकी झोली में पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म 'कंगुवा' है। इस फिल्म में पहली बार दिशा एक्टर सूर्या के साथ स्क्रीनस्पेस शेयर करती देखी जाएंगी। फिल्म 2024 की शुरूआत में 10 भाषाओं में रिलीज होगी।

# विवेक के सिर चढ़ा प्रोपेगैंडा फिल्मों का नशा!

**निर्देशक** विवेक अग्निहोत्री पिछले साल रिलीज हुई उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' की रिलीज के बाद से ही चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्मों के अलावा, वह सोशल मीडिया के जरिए हर मुद्दे पर अपनी राय रखने के लिए जाने जाते हैं। जहां पिछले साल निर्देशक ने कश्मीरी पंडितों के नरसंहार पर बनी फिल्म पेश की थी, वहीं अब वह 'द वैक्सीन वॉर' लाने की तैयारी कर रहे हैं। विवेक अग्निहोत्री की सभी फिल्मों को प्रोपेगैंडा फिल्म बताकर खूब ट्रोल किया जाता है और निर्देशक पर समय-समय पर यह आरोप भी लगते रहे हैं कि वह सिर्फ और सिर्फ प्रोपेगैंडा फिल्में ही बनाते हैं। अब हाल ही में विवेक अग्निहोत्री ने इस मुद्दे पर सोशल मीडिया पर जवाब दिया। विवेक अग्निहोत्री अक्सर अपने राजनीतिक बयानों और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री पर किए गए कमेंट्स के कारण चर्चा में बने रहते हैं। फिल्म निर्माता ट्विटर पर भी बेहद एक्टिव रहते हैं और अपने विचार और राय साझा करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं। आए दिन मुद्दो के खिलाफ आवाज उठाने वाले निर्देशक ने बीते दिन ट्विटर पर आस्क विवेक अग्निहोत्री सेशन रखा था, जिसमें उन्होंने नेटिजन्स द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब दिए। इस दौरान विवेक अग्निहोत्री से उनकी एक जैसी और प्रोपेगैंडा फिल्मों पर सवाल किया गया, जिसका जवाब निर्देशक ने बड़ी ही बुद्धिमता से दिया। फिल्म निर्माता पर अक्सर अपनी 'बुद्धा इन ए ट्रैफिक जाम', 'द ताशकंद फाइल्स' और 'द कश्मीर फाइल्स' जैसी फिल्मों के माध्यम से प्रचार करने का आरोप लगाया जाता रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए एक सोशल मीडिया यूजर ने विवेक अग्निहोत्री से पूछा कि, 'आपकी फिल्में प्रोपेगैंडा क्यों होती हैं?' इस यूजर को जवाब देते हुए निर्देशक ने लिखा, 'भारत का प्रचार करना अच्छा लगता है। अब तो नशा सा हो गया है यार। तुम भी कोशिश करो, बहुत शांति मिलेगी, पुण्य भी और मोक्ष भी।'




# एल्विश की जीत पर शहनाज ने मनाया जश्न



**सलमान** खान के विवादित रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 को अपना विनर मिल चुका है। दो महीने के लंबे सफर के बाद 14 अगस्त की रात शो ने विनर के नाम का एलान कर दिया। बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 के विजेता एल्विश यादव बने हैं, जो बेहद पॉपुलर यूट्यूबर और इन्फ्लुएंसर हैं। शो में उनकी पॉपुलैरिटी ने उन्हें ताबड़तोड़ वोट्स दिलाए। बिग बॉस ओटीटी का विनर बनने के साथ ही एल्विश ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया है। बिग बॉस के इतिहास में वो ऐसे पहले कंटेस्टेंट बन गए, जो वाइल्ड कार्ड एंट्री होने के बावजूद विनर बना है। एल्विश यादव को बिग बॉस ओटीटी 2 जीतने पर चौतरफा बधाइयां मिल रही हैं। इस लिस्ट में अब बॉलीवुड एक्ट्रेस और बिग बॉस की एक्स कंटेस्टेंट शहनाज गिल का नाम भी शामिल हो गया है। बिग बॉस ओटीटी 2 में एल्विश यादव की जीत पर शहनाज खुश हैं। उन्होंने अपनी इंस्टा स्टोरी में यूट्यूबर के लिए एक नोट लिखा और उन्हें बधाई दी। शहनाज गिल ने लिखा- बिग बॉस ओटीटी 2 जीतने पर एल्विश यादव आपको बधाई हो। आपने आज सच में इतिहास रच दिया है...पहली वाइल्ड कार्ड एंट्री, जो शो का विजेता बना है।



# तेलुगु सिनेमा में डेब्यू करेंगे अर्जुन रामपाल



**बॉलीवुड** अभिनेता अर्जुन रामपाल फिल्म भगवंत केसरी में तेलुगु सिनेमा में डेब्यू करने जा रहे हैं। अर्जुन रामपाल ने फिल्म भगवंत केसरी की शूटिंग पूरी कर ली है। अर्जुन रामपाल ने फिल्म भगवंत केसरी की पूरी कास्ट और क्रू के लिए एक भावुक नोट लिखा है।अपने इस नोट में अभिनेता अर्जुन रामपाल ने शूटिंग शुरू होने से खत्म होने तक के अपने अनुभवों के बारे में बताया।अपने सह-कलाकार बाला कृष्ण और निर्देशक अनिल रविपुडी के साथ एक तस्वीर पोस्ट करते हुए अर्जुन रामपाल ने लिखा, मेरी फिल्म भगवंत केसरी की शूटिंग खत्म हो गई है। जब मैं अपनी पहली तेलुगु फिल्म की शूटिंग के लिए यहां आया तो मैं बहुत घबराया हुआ था लेकिन अब मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं इस फिल्म में काम करके मुझे बहुत मजा आया। यह सब मेरे बड़े भाई बालकृष्ण के बिना संभव नहीं होता। आपकी अद्भुत ऊर्जा, प्यार के लिए धन्यवाद, भाई। भाई अनिलरावपुडी को धन्यवाद, आप पागल, शांत और सुपर प्रतिभाशाली हैं। भगवंत केसरी की परी टीम को समर्थन और प्यार के लिए धन्यवाद।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com .